

सब कुछ दे दो और नियमों के भीतर खेलो

अश्विन ने सिलसिलेवार ट्वीट करके साफ तौर पर कहा कि अगर दोबारा गेंद बल्लेबाज से टकराकर जाएगी तो वह फिर रन लेंगे। अश्विन ने कहा, 'मैं इससे ज्यादा हैरान इस बात से हूं कि लोग इस पर बहस कर रहे हैं और यह जताने की कोशिश कर रहे हैं कि कौन अच्छा है और कौन बुरा। मैं सिर्फ इतना समझता हूं कि मैदान पर अपना सब कुछ दे दो और नियमों के भीतर खेलो। इसके बाद खेल खत्म होने पर हाथ मिला लो और यही खेलभावना मेरी समझ में आती है।'

## नैतिकता का पाठ पढ़ाना बंद करो : अश्विन

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। आईपीएल के मैच में अतिरिक्त रन को लेकर मैदान पर विवाद के बाद भड़के रविचंद्रन अश्विन ने गुरुवार को इयोन मोर्गन और टिम साउदी से 'अपमानजनक शब्दों' का इस्तेमाल नहीं करने और उन्हें नैतिकता का पाठ पढ़ाने से बाज आने के लिए कहा।

दिल्ली कैपिटल्स और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच मंगलवार को आईपीएल के मैच के दौरान डीप से राहुल त्रिपाठी के थ्रो पर गेंद दूसरे बल्लेबाज ऋषभ पंत से टकराकर निकल गई जिस पर अश्विन ने अतिरिक्त रन लेने का प्रयास किया इस पर मोर्गन और अश्विन की बहस भी हो गई थी। मोर्गन ने अश्विन पर खेलभावना का पालन नहीं करने का आरोप लगाया जबकि एमसीसी के नियमों के तहत बल्लेबाज के शरीर से लगकर गेंद जाने के बाद रन लेना अवैध नहीं है। विश्व कप 2019 फाइनल में भी बेन स्टोक्स के बल्ले से टकराकर गेंद गई थी तो इंग्लैंड को चार रन मिले थे जिसे अंपायरों ने ओवरथ्रो करार दिया और इंग्लैंड ने मैच जीता था। इसके बाद अश्विन के आउट होने पर तेज गेंदबाज साउदी ने कहा, 'बेईमानी करने पर यही होता है।'

# किसी भी खिलाड़ी ने नहीं की कोहली की शिकायत

क्रिकेट

### बीसीसीआई कोषाध्यक्ष अरुण कुमार धूमल ने ऐसी किसी भी खबर से इनकार किया

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

मुंबई। बीसीसीआई उन खबरों से बहुत नाराज है जिनमें कहा जा रहा था कि भारतीय टीम के कुछ खास खिलाड़ियों ने क्रिकेट बोर्ड से कप्तान विराट कोहली की शिकायत की थी। इस सप्ताह लगातार ऐसी खबरें आ रही थीं जिनमें कहा जा रहा था कि भारतीय क्रिकेटर्स ने बीसीसीआई सचिव जय शाह को विराट कोहली की शिकायत की थी और इसके बाद ही बीसीसीआई ने मामले में दखल दी।

जब 16 सितंबर को कोहली ने बतौर टी20 कप्तानी से इस्तीफा दिया तो मीडिया में ये खबरें आईं कि कोहली ने सिलेक्टर्स से कहा था कि वे रोहित को टीम की उपकप्तानी से हटा दें। 28 सितंबर को ऐसी खबरें आईं कि दो सीनियर भारतीय क्रिकेटर्स– चेतेश्वर पुजारा और अजिंक्य रहाणे– ने जय शाह से कोहली की शिकायत की थी।



बीसीसीआई के कोषाध्यक्ष अरुण धूमल ने बताया, मीडिया को बकवास लिखना बंद करना चाहिए। मैं ऑन रिकॉर्ड यह बात कहना चाहता हूं कि किसी भी बीसीसीआई से कोहली की शिकायत नहीं की है। न ही लिखित, न मौखिक। बीसीसीआई हर ऐसी गलत खबर पर लगातार सफाई नहीं दे सकता। उस दिन हमनें खबर देखी कि वर्ल्ड कप टीम में परिवर्तन होगा। यह किसने कहा?

13 सितंबर को जब खबर दी कि कोहली सीमित ओवरों के फॉर्मेट की कप्तानी छोड़ देंगे तो धूमल ने उन खबरों को नकार दिया था। उन्होंने मीडिया में कहा था, बीसीसीआई ने स्प्लिट कप्तानी पर चर्चा ही नहीं की है। धूमल की बात सही थी। बीसीसीआई ने कोहली को सीमित ओवरों के प्रारूप से हटाने का फैसला नहीं किया था। रिपोर्ट में कहा गया था– विराट ने खुद ही इसका ऐलान करेंगे। उनकी नजर में उन्हें अपनी बल्लेबाजी पर ध्यान केंद्रित करने की जरूरत है और वही विराट बनने की जरूरत है जो वह हमेशा से रहे हैं– यानी दुनिया के सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज बनने की। सीमित ओवरों की कप्तानी छोड़ने का फैसला उनका अपना है। यह रिपोर्ट उसी लाइन पर थी। इसके बाद कोहली ने 16 सितंबर शाम 5:53 पर अपने सोशल मीडिया प्लैटफॉर्म पर वीडियो जारी कप्तानी से हटने का फैसला किया था।

धूमल का मीडिया को दिया बयान भी उसी लाइन पर है। कोषाध्यक्ष के तौर पर उन्होंने सही बयान दिया कि बीसीसीआई ने कोहली को पद से हटने के लिए नहीं कहा। धूमल ने कहा, श्मीडिया ने मुझसे पूछा कि क्या बीसीसीआई ने यह फैसला किया था तो मैंने कहा नहीं।

## पाकिस्तान को विराट कोहली से ज्यादा खतरा रोहित शर्मा से होगा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)**

दोनों देशों के बीच ये मैच 24 अक्टूबर को खेला जाएगा

नई दिल्ली। अक्टूबर से यूएई और ओमान में शुरू हो रहे टी20 वर्ल्ड कप 2021 में भारत को अपना पहला ही मुकाबला पाकिस्तान के खिलाफ खेलना है। दोनों देशों के बीच ये मैच 24 अक्टूबर को खेला जाएगा। ये दोनों देश 2019 वनडे वर्ल्ड कप के बाद एक बार फिर से एक–दूसरे के खिलाफ खेलने जा रहे हैं और इस मैच का सबको ही बहुत बेसब्री के साथ इंतजार है।

इसमें कोई शक नहीं है कि टीम इंडिया इस वक्त पाकिस्तान के मुकाबले ज्यादा बेहतर टीम नजर आती है और इस टीम में वर्ल्ड क्लास खिलाड़ियों की कोई कमी नहीं है। अब पाकिस्तान को भारत के खिलाफ होने वाले मुकाबले में सबसे ज्यादा खतरा किस खिलाड़ी से है उसके बारे में पाकिस्तान के पूर्व क्रिकेटर मुदस्सर नजर ने बताया। मुदस्सर नजर का मानना है कि टीम इंडिया इस वक्त ज्यादा मजबूत है और पाकिस्तान को विराट कोहली से ज्यादा खतरा रोहित शर्मा से होगा।

मुदस्सर नजर ने क्रिकेट पाकिस्तान से बात करते हुए कहा कि टी20 क्रिकेट में अगर कोई एक बल्लेबाज भी तेज से रन बनाता है या फिर एक गेंदबाज विकेट लेता है तो इससे भी फर्क पड़ जाता है। वहीं भारत की बात करें तो हाल ही में इंग्लैंड के खिलाफ खेले गए टेस्ट सीरीज के दौरान किसी भी खिलाड़ी का प्रदर्शन ज्यादा खास नहीं रहा था। कप्तान विराट कोहली जो टीम से लिए सबसे ज्यादा रन बनाते थे वो भी पिछले दो–तीन साल से शतक नहीं लगा पाए हैं। वो कभी शतक पर शतक लगाते थे, लेकिन अब ऐसा नहीं है और अब रोहित शर्मा विराट कोहली से ज्यादा खतरनाक हैं।

उन्होंने आगे कहा कि भारत और पाकिस्तान की तुलना इस वक्त की जाए तो टीम इंडिया ज्यादा ताकतवर दिखती है। वहीं अगर पिछले चैंपियंस ट्राफी की बात की जाए तो इसमें भारत ने पहले पाकिस्तान को हराया था, लेकिन फिर फाइनल में टीम इंडिया को हार मिली थी।

## हर्षल पटेल ने शानदार गेंदबाजी से बना डाले कई रिकार्ड

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। इंडियन प्रीमियर लीग के 14वें सीजन में रायल चैलेंजर्स बैंगलोर की टीम ने उम्मीद से बेहतर प्रदर्शन किया है। टीम के इस शानदार खेल में तेज गेंदबाज हर्षल पटेल का अहम योगदान है। इस सीजन में वह अब तक कुल 26 विकेट चटका चुके हैं और पर्पल कैप उनके सिर पर सजा हुआ है। राजस्थान के खिलाफ बुधवार को खेले गए मुकाबले में कई रिकार्ड अपने नाम करते हुए टीम की जीत में अहम भूमिका निभाई। इस मैच में हर्षल ने चार ओवर में 34 रन देकर 3 अहम विकेट चटकाए। इसके साथ ही उनके टूर्नामेंट में 11 मुकाबलों से कुल 26 विकेट हो गए हैं और वह दूसरे स्था पर काबिज दिल्ली कैपिटल्स के आवेश खान से 8 विकेट आगे निकल गए हैं। इस मैच के दौरान हर्षल ने कई रिकार्ड बनाए। जसप्रीत बुमराह और लसिथ मलिगा को उन्होंने सबसे तेज 25 आइपीएल चटकाने के मामले में पीछे छोड़ा। पिछले ही मुकाबले में मुंबई इंडियंस के खिलाफ हर्षल ने आइपीएल में अपनी पहली हैट्रिक ली थी।

## न्यूज डायरी



### स्टार ड्रैग फ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह ने अंतरराष्ट्रीय हॉकी को अलविदा कहा

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। ओलिंपिक कांस्य पदक विजेता भारतीय हॉकी टीम के स्टार ड्रैग फ्लिकर रूपिंदर पाल सिंह ने युवाओं के लिए रास्ता बनाने की कवायद में अंतरराष्ट्रीय हॉकी से तुरंत प्रभाव से संन्यास लेने की घोषणा की है। रूपिंदर ने अपने ट्विटर हैंडल पर लिखा, 'मैं आपको भारतीय हॉकी टीम से संन्यास लेने के अपने फैसले से अवगत कराना चाहता हूं। पिछले कुछ महीने मेरे जीवन के सर्वश्रेष्ठ रहे। तोक्यो में अपनी टीम के साथ पोडियम पर खड़े होने के अनुभव को मैं जिंदगी भर नहीं भूल सकूंगा।' उन्होंने कहा, 'मेरा मानना है कि अब समय आ गया है जब युवा और प्रतिभाशाली खिलाड़ियों को उस आनंद की अनुभूति का अवसर दिया जाये जो भारत के लिए खेलते हुए मैं पिछले 13 साल से अनुभव कर रहा हूं।' 30 वर्ष के रूपिंदर ने भारत के लिए 223 मैच खेले हैं। वह तोक्यो ओलंपिक में 41 साल बाद पदक जीतने वाली भारतीय टीम का हिस्सा थे ।

### शास्त्री के बाद किसे बनाया जाए टीम इंडिया का कोच और क्या हो धौनी का रोल

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** नई दिल्ली। भारतीय क्रिकेट टीम के मुख्य कोच रवि शास्त्री का कार्यकाल टीम इंडिया के साथ टी20 वर्ल्ड कप 2021 तक ही है। इसके बाद टीम इंडिया का अगला मुख्य कोच कौन होगा और किसे ये जिम्मेदारी दी जाएगी इस पर सबकी निगाहें टिकी रहेंगी। अब टीम इंडिया के पूर्व चयनकर्ता एमएसके प्रसाद ने सलाह देते हुए कहा है कि राहुल द्रविड़ और एम एस धौनी को भारतीय टीम को साथ जोड़ना चाहिए और ये दोनों टीम इंडिया के लिए वरदान साबित होंगे। एमएसके प्रसाद के मुताबिक राहुल द्रविड़ को टीम इंडिया का मुख्य कोच बनाया जाना चाहिए जबकि एम एस धौनी को टीम का मेंटर नियुक्त किया जाना चाहिए। धौनी को टी20 वर्ल्ड कप 2021 के लिए भारतीय टीम का मेंटर बनाया भी गया है तो वहीं राहुल द्रविड़ इंडिया ए और भारतीय अंडर 19 क्रिकेट टीम के कोच भी रह चुके हैं। इस वक्त को एनसीए प्रमुख के तौर पर काम कर रहे हैं। राहुल द्रविड़ को अभी हाल ही में टीम इंडिया के श्रीलंका दौरे के लिए मुख्य कोच भी बनाया गया था।

### बोलर्स के प्रदर्शन से खुश हुए कोहली, बोले यह टीम के लिए अच्छा संकेत

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** दुबई। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के कप्तान विराट कोहली ने राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग मैच में धमाकेदार जीत का श्रेय गेंदबाजों को देते हुए बुधवार को यहां कहा कि लगातार दो मैचों में गेंदबाजी में वापसी करना टीम के लिए अच्छा संकेत है।आरसीबी ने रॉयल्स को अंतिम नौ ओवर में केवल 49 रन बनाने दिये और इस बीच आठ विकेट लिये। रॉयल्स नौ विकेट पर 149 रन ही बना पाया। आरसीबी ने 17.1 ओवर में तीन विकेट खोकर लक्ष्य हासिल कर दिया। उन्होंने कहा, 'हम जानते हैं कि यदि गेंदबाजी करते समय धैर्य बनाये रखते हैं तो आप सही दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। दोनों मैचों में विरोधी टीम ने पावरप्ले में बिना किसी नुकसान के 56 रन बनाये लेकिन दोनों मैचों में हमने विकेट लेकर विरोधी टीम को मजबूत स्कोर नहीं बनाने दिया।'

### भारत और ऑस्ट्रेलिया महिला टीम के बीच 15 साल बाद टेस्ट मैच

**एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)** गोल्डकोस्ट। वनडे क्रिकेट में ऑस्ट्रेलियाई महिला टीम का 26 मैचों से चले आ रहे अजेय अभियान को रोकने के बाद भारतीय महिला टीम के हौसले बुलंद हैं। अब आज से शुरू हो रहे एकमात्र पिंक बॉल टेस्ट मैच में भारतीय टीम उसी हौसले के साथ एक और इतिहास रचने उतरेगी। भारत को इस विपक्षी के खिलाफ टेस्ट क्रिकेट में आज तक जीत नहीं मिली है। साथ ही टीम पहली बार पिंक टेस्ट खेलने उतरेगी। ऐसे में मिताली राज की अगुआई वाली टीम जीत हासिल कर इतिहास रचने में कोई कसर नहीं छोड़ना चाहेगी। भारतीय टीम पहली बार पिंक बॉल टेस्ट खेलने उतरेगी। ऑस्ट्रेलिया ने डे–नाइट का एकमात्र टेस्ट मैच नवंबर 2017 में खेला था।